आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 12.09.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् पोर्टल का शुभारंभ किया।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य राजेंद्र सिंह ने मॉनसून के कारण राज्य में हुई क्षति की समीक्षा की।
- वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्ध कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया।
- देहरादून राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गुर्दा प्रत्यारोपण यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू।

--------------------

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शाम नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुँच में तेज़ी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ज्ञान भारतम् पोर्टल का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने ज्ञान भारतम् मिशन के शुभारंभ पर देश के सभी नागरिकों को बधाई दी।

**उपराश्ट्रपति**

श्री सी.पी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे. पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सदैव अटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी श्रद्धांजलि दी। श्री सी.पी राधाकृष्णन ने इस महीने की नौ तारीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सी.पी राधाकृष्णन को जनता की सेवा में समर्पित सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री राधाकृष्णन समर्पित लोक सेवक हैं और उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कार्य और लोकतंत्र को मजबूत करने में समर्पित किया है।

## आपदा समीक्षा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– एनडीएमए के विभागाध्यक्ष व सदस्य राजेंद्र सिंह ने आज उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का दौरा कर मानसून के कारण राज्य में हुई क्षति की समीक्षा की। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही भविष्य में आपदा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने तथा राज्य में सुरक्षित और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री सिंह ने कहा कि आपदा के बाद व्यवस्थित आकलन आवश्यक है, ताकि क्षति, प्रभावित लोगों की संख्या, बुनियादी ढांचे की स्थिति, आजीविका पर प्रभाव आदि का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जा सके। यह आकलन पुनर्निर्माण, आर्थिक सहायता, दीर्घकालिक योजना और जोखिम न्यूनीकरण के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद की आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए जल्द ही एक टीम उत्तराखण्ड आएगी। टीम के वास्तविक क्षति के आकलन के आधार पर केंद्र द्वारा अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## भूस्खलन क्षेत्र निरीक्षण

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज गोपेश्वर नगर के ब्रह्मसैंण भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ब्रह्मसैंण मोहल्ले में नालियों का निर्माण कर ड्रेनेज की व्यापक व्यवस्था करने की बात भी कही। गौरतलब है कि गोपेश्वर–घिघराण मोटर मार्ग पर बारिश के चलते ब्रह्मसैंण मोहल्ले के निचले हिस्से में भूस्खलन सक्रिय हो गया है।

## स्वास्थ्य सचिव

स्वास्थ्य सचिव व खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त, डॉ. आर. राजेश कुमार, विभागीय कार्यों का लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "नशा मुक्त उत्तराखंड–2025" अभियान को युद्धस्तर पर संचालित किया जाए।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि नकली दवाओं के मामलों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन कड़ा रुख अपना रहा है। उन्होंने बताया कि छापामारी कार्रवाई को और तेज़ करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुख्य सचिव दौरा

वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्ध कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने आज हरिद्वार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अखाड़ों और साधु संतों से परामर्श लेकर ही अर्धकुंभ को भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी लंबी अवधि के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। साथ ही अस्थाई कार्यों का निर्माण समय की आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

## गुर्दा प्रत्यारोपण यूनिट

देहरादून राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले गंभीर किडनी रोगियों को राहत मिलने वाली है। अस्पताल में गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आर.एस बिष्ट के अनुसार यह यूनिट पुराने ऑपरेशन थिएटर के स्थान पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी।

डॉ. बिष्ट ने बताया कि यूनिट पूरी तरह से रोगियों और अंगदाताओं के लिए सुरक्षित और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगी।

**जागरूकता शिविर**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे संकल्प कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग जिले में जखोली विकासखंड के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज तुनेटा में आज जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट ने छात्र–छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, साइबर अपराध और पॉक्सो एक्ट की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विषय–विशेषज्ञों ने नाबालिग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 10–98 सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी।